एक नजर में

त्यागी महाराज हुए यज्ञ सम्राट की उपाधि से अलंकृत

डोबी. ग्राम आमोन में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वरजगत स्वामी जगत् रामस्वरूपाचार्य महाराज द्वारा संत 1008 मोहन दास त्यागी दिगंबर धाम बावड़ी कुंड पीठाधीश्वर को यज्ञ सम्राट के पद से सुशोभित किया गया. इस मौके पर सभी दिगंबर धाम के साधकों व शिष्यों ने महाराज को बधाई दी. इस दौरान महंत गिरिशदास, यज्ञ आचार्य प्रेमाचार्य, टीकम दास त्यागी, संत रामकुमार दास, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, नरेंद्र सिंह चौहान, वीरसिंह पटेल, योगाचार्य सोबरन सिंह, गोविंद सिंह पटेल, रामदास पटेल, वीरसिंह पटेल, उदयनारायण पटेल, राजकुमार, अमरदीप पटेल, विनय पटेल द्वारा शुभकामनाएं दी.

कार्यक्रम की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा

भैरूंदा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 10 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर बालागुरू के., केंद्रीय कृषि मंत्री के सचिव प्रवीण सिंह, एसपी सुश्री सोनाक्षी सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव और एएसपी श्रीमती सुनीता रावत ने जायजा लिया. इस दौरान विधायक रमाकांत भार्गव, एसडीएम सुधीर कुशवाह, रवि मालवीय, रघुनाथ भाटी आदि उपस्थित थे. गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा पीएम जनमन योजना का शुभारंभ किया जाएगा.प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चार के अंतर्गत प्रदेश में 1763 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2117 किमी लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा. इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश की 987 बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी.

कचरे में लगी आग से सुलग रहे ट्रांसफार्मर

शनिवार को इंदौर नाका और बड़ा बाजार क्षेत्र की डीपी के तारों में लगी कचरे से आग, बिजली रही गुल

- शहर के अधिकांश ट्रांसफार्मर अतिक्रमण के साए में घिरे
- अक्सर कचरे में लगी आग की भेंट चढ़ते ट्रांसफार्मर

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 मई. शहर में बिजली के ट्रांसफार्मरों और खंभों के आसपास बढ़ता अतिक्रमण तथा कचरे के ढेर अब बड़े खतरे का कारण बनते जा रहे हैं. शनिवार को इंदौर नाका क्षेत्र में कचरे के ढेर में लगी भीषण आग ने विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य केबल को अपनी चपेट में ले लिया.आग की लपटों से केबल पूरी तरह जल गई, जिसके चलते एहतियातन टाउन फीडर की बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी. इससे कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही.

इसी दिन सुबह बड़े बाजार क्षेत्र में भी डीपी के नीचे जमा कचरे में आग लग गई थी. यह एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना बताई जा रही है. आग लगने के कारण वहां भी बिजली सप्लाई प्रभावित हुई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।.

सीहोर. इंदौर नाका द्वोत्र में कचरे के ढेर में लगी भीषण आग ने विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य केबल को अपनी चपेट में ले लिया.

विद्युत वितरण कंपनी के एई अतुलेश सिंह ने बताया कि इंदौर नाका के पास बिजली के खंभों के नीचे बड़ी मात्रा में कचरा जमा था. अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया. आग की गर्मी से मुख्य विद्युत केबल जलकर क्षतिग्रस्त हो गई. इससे विभाग को आर्थिक नुकसान भी हुआ और मरम्मत कार्य के लिए काफी देर तक टाउन फीडर की लाइन बंद रखनी पड़ी.

घटना की सूचना मिलते ही बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और सुधार कार्य शुरू किया गया. अधिकारियों के अनुसार समय रहते बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया. यदि करंट चालू रहता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी.

शहरवासियों का कहना है कि कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों और डीपी के आसपास अवैध अतिक्रमण होने से नियमित सफाई नहीं हो पाती. इसके कारण वहां लगातार कचरा जमा होता रहता है और गर्मी में सूखी गंदगी आग पकड़ लेती है. आए दिन हो रही ऐसी घटनाएं विद्युत कंपनी की लापरवाही और नागरिकों की असावधानी को बयां कर रही हैं.

आज फिर कई क्षेत्रों में रहेगी कटौती

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भीषण गर्मी के मौसम में भी प्रतिदिन घोषित व अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोग काफी त्रस्त हो गए हैं. विद्युत तारों व उपकरणों के रख रखाव के नाम पर दिन में कई घंटे तक बिजली कटौती का खेल जारी रहने से लोग परेशान हैं. सर्वाधिक दिक्कत बुजुर्गों व छोटे बच्चों को होती है. इसी क्रम में रविवार को एक बार फिर शहर के लुनिया फीडर, सुभाष फीडर और तहसील फीडर में मरम्मत कार्य के नाम पर सुबह 9.30 से 11.30 तक बिजली कटौती की जाएगी. जिससे लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ेगा.

उपवन में लगेगी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा

सीहोर. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के अंबेडकर उपवन में भारत रत्न की भव्य प्रतिमा बहुत जल्द स्थापित की जाएगी. यह केवल एक प्रतिमा स्थापना नहीं, बल्कि बाबा साहेब के विचारों, संघर्षों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित किया. उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जिसने हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्रदान किया. आज देश जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है, उसमें बाबा साहेब का योगदान अतुलनीय है. उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना का कार्य तेजी से कराया जा रहा है. शीघ्र ही भव्य अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे. नपा नगर के विकास के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान और उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है.

उत्कृष्ट सेवा के लिए किया सम्मानित

सीहोर. विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा समाज कल्याण, मानव सेवा एवं जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए युवा समाजसेवी व हिताय के संस्थापक उमेश पंसारी को राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान दिया गया. उल्लेखनीय है कि उमेश विगत कई वर्षों से लगातार रक्तदान, नशामुक्ति, युवा सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं.

आंधी और उमस से बदले मौसम के मिजाज, बारिश के आसार

- दिन का तापमान दो डिग्री गिरा तो रात का 2.5 डिग्री बढ़ा
- 14 मई के बाद फिर तेज गर्मी पड़ने की जताई संभावना

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 मई. जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. बादलों की आवाजाही और बढ़ी उमस के कारण रात के तापमान में भारी बढ़ोतरी हुई, जबकि दिन का तापमान गिर गया. इसके चलते गुरुवार को लो-प्रेशर जोन बनने से शाम करीब 5 बजे पूरे शहर में तेज आंधी चली. आंधी के साथ धूल के गुबार छा गए और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली.

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज हवा और बारिश की संभावना जताई है. गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, चक्रवात और ट्रफ सिस्टम के संयुक्त असर से अंचल में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है. वर्तमान में प्रदेश के मध्य हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है, जबकि दूसरा ऊपरी हिस्से में बना हुआ है। इसके अलावा पूर्वी हिस्से से एक ट्रफ गुजर रही है। इन मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार दिनों तक जिले में मौसम उथल-पुथल भरा बना रहेगा। कई स्थानों पर तेज आंधी और हल्की बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 10 मई से एक नया वेदर सिस्टम सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर अगले दो दिनों में दिखाई दे सकता है. इससे तापमान और मौसम दोनों में फिर बदलाव आने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया. बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस था, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान घटकर 39.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान बढ़कर 26.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया. मौसम विभाग का अनुमान है कि 14 मई तक सक्रिय सभी विक्षोभों का असर समाप्त हो जाएगा। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी. इस बार नौतपे शुरू होने से पहले ही तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है.

ट्रक-एंबुलेंस में भिड़ंत, कैबिन में फंसा चालक

- बीती देर रात इछावर के समीप हुआ भीषण सड़क हादसा
- ग्रामीणों ने कैबिन काटकर चालक को निकाला

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 मई. शुक्रवार देर रात इछावर मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया. दो पुलिया जोड़ के पास तेज रफ्तार 108 एम्बुलेंस और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकालकर जिला अस्पताल भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया.

जानकारी के अनुसार बीती रात रेहटी स्वास्थ्य केन्द्र की 108 एंबुलेंस मरीज को छोड़कर वापस रेहटी लौट रही थी. बताया जाता है कि एंबुलेंस इछावर के समीप पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा रात करीब 11 से 11.30 बजे के बीच हुआ. गाड़ियों के टकराने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत कर एम्बुलेंस के क्षतिग्रस्त केबिन को काटा और चालक राहुल जाट को बाहर निकाला. घायल चालक राहुल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए दूसरी 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन करीब एक घंटे तक कोई एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची. इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया.

अवैध शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

आष्टा. अवैध शराब परिवहन, भण्डारण में 81 लीटर शराब के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. 18 अप्रैल को ग्राम बमुलिया के शमशान घाट के अंदर खडे पुराने पानी के टेंकर के अंदर से अवैध शराब जप्त कर अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही थी. शनिवार को आरोपी राहुल पिता कुमैर सिह उम्र निवासी बमुलिया रायमल को गिरफ्तार कर लिया. वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

लापरवाह ठेकेदार पर लगाया 69 लाख जुर्माना

- ठेकेदार के भुगतान से कटेगी जुर्माने की राशि
- पाइप लाइन बिछाने में की गई लापरवाही

नवभारत न्यूज

आष्टा 9 मई. पेयजल की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने और भविष्य में जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा क्रियान्वित की जा रही पाईपलाइन परियोजना अब प्रशासन के सख्त रडार पर है. रामपुरा डैम से नगर तक बिछाई जा रही पाईपलाइन के कार्य में देरी और लापरवाही बरतने पर नपा ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार पर लिक्विडीटी डैमेज के तहत भारी जुर्माना लगाया है.

सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि रामपुरा डैम परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य एक निश्चित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना था. हालांकि संबंधित ठेकेदार द्वारा बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद कार्य की गति अत्यंत धीमी रही और निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है. परिषद द्वारा ठेकेदार को न केवल आर्थिक दंड की चेतावनी दी गई है, बल्कि इसे अंतिम चेतावनी के रूप में भी देखा जा रहा है. उन्होंने बताया कि लिक्विडीटी डैमेज क्लॉज के तहत लगाई गई 69 लाख 14 हजार 860 रुपए की पैनाल्टी ठेकेदार के भुगतान से काटी जाएगी.

लोक अदालत — लोक अदालत में नगरपालिका ने वसूली 3 लाख 20 हजार रुपए की बकाया राशि

नपा ने वसूली के लिए बनाई थी विशेष रणनीति : सीएमओ

नवभारत न्यूज

आष्टा 09 मई. शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान नपा द्वारा विशेष वसूली कैंप लगाया गया. जिसमें निकाय ने जलकर, संपत्तिकर और समेकित कर के रूप में लाखों रुपए की बकाया राशि वसूल की.

कैंप का विधिवत शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने करदाताओं से कहा कि नगर का विकास सीधे तौर पर नागरिकों द्वारा जमा किए गए करों पर निर्भर करता है. निकाय द्वारा प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए समय पर कर जमा करना आवश्यक है. यदि नागरिक हर माह नियमित रूप से कर का भुगतान करेंगे, तो उन पर आर्थिक भार भी नहीं बढ़ेगा और शहर का विकास भी तेजी से हो सकेगा.

सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि इस बार वसूली के लिए विशेष रणनीति अपनाई गई थी. प्रचार-प्रसार कर अपील के साथ-साथ नपा की टीम ने घर-घर जाकर संपर्क किया और मुनादी के जरिए नागरिकों को जागरूक किया. लोक अदालत के माध्यम से संपत्ति कर 1 लाख 20 हजार 635 रुपए, जलकर 1 लाख 98 हजार 831 रूपये इस प्रकार कुल 3 लाख 19 हजार 466 रुपए की बकाया राशि जमा हुई.